शिविर में सभी प्रतिभागियों के लिए निम्नलिखित नियमों का पालन करना अनिवार्य है:

सभी प्रतिभागी प्रातः 5:30 बजे समय पर उठें तथा प्रत्येक सत्र में समय पर उपस्थित रहें।

प्रतिदिन जागरण मंत्र, भोजन मंत्र एवं शयन मंत्र का नियमित पालन करना अनिवार्य है तथा योग, प्राणायाम एवं ध्यान में सक्रिय रूप से भाग लेना होगा।

सभी प्रतिभागी सादा, शालीन एवं आरामदायक वेशभूषा पहनें। योग अभ्यास के लिए अलग एवं उपयुक्त वस्त्र अवश्य रखें।

व्यक्तिगत एवं सामूहिक स्वच्छता बनाए रखें। अपने रहने के स्थान को साफ-सुथरा रखें तथा भोजन से पहले और बाद में हाथ धोना अनिवार्य है।

शिविर में केवल सात्त्विक एवं शाकाहारी भोजन ही दिया जाएगा और सभी प्रतिभागियों को उसी का सेवन करना होगा। जंक फूड एवं बाहर का भोजन पूर्णतः निषिद्ध है। भोजन से पूर्व भोजन मंत्र का उच्चारण करें।

यदि किसी प्रतिभागी को कोई बीमारी, एलर्जी (विशेषकर भोजन से संबंधित) आदि हो, तो कृपया शिविर प्रारंभ होने से पूर्व ही सूचित करें।

गुरुजन, शिक्षक एवं सभी प्रतिभागियों के प्रति सम्मानजनक व्यवहार रखें। किसी का मजाक उड़ाना, झगड़ा करना या अपमान करना वर्जित है।

ध्यान, प्रार्थना एवं अध्ययन के समय पूर्ण शांति बनाए रखें। रात्रि 9 बजे के बाद मौन का पालन करें।

सभी प्रतिभागियों के मोबाइल फोन, टैबलट, Smart Watch, Eclectronic Gadgets etc शिविर प्रारंभ होते ही संस्थान में जमा कर लिए जाएंगे तथा शिविर समाप्तहोने पर वापस कर दिए जाएंगे। आपातस्थिति में शिक्षक की अनुमति से ही संपर्क कियाजा सकेगा ।

बिना अनुमति शिविर परिसर से बाहर जाना पूर्णतः प्रतिबंधित है। किसी भी समस्या या असुविधा की जानकारी तुरंत शिक्षक को दें।

सभी गतिविधियों—योग,कक्षा , चर्चा, खेल एवं यज्ञ —में सक्रिय भाग लेना अनिवार्य है।

अध्ययन के समय ध्यानपूर्वक सुनें, प्रश्न पूछें एवं प्रतिदिन सीखी गई बातों का अभ्यास करें।

प्रार्थना, मंत्र एवं हवन में श्रद्धा एवं अनुशासन बनाए रखें तथा सकारात्मक सोच विकसित करें।

अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अस्वस्थ होने पर तुरंत सूचना दें एवं पर्याप्त जल का सेवन करें।

सभी प्रतिभागी आपसी सहयोग, अनुशासन एवं टीम भावना बनाए रखें तथा एक-दूसरे की सहायता करें।

शिविर में अपने साथ कोई भी कीमती सामान, आभूषण (Jewellery) आदि लेकर न आएं। किसी भी वस्तु के खो जाने पर उसकी जिम्मेदारी स्वयं की होगी।

नियमों का उल्लंघन करने पर आवश्यकतानुसार चेतावनी दी जाएगी तथा गंभीर स्थिति में अभिभावकों को सूचित किया जाएगा।